लोकमत समाचार

आज मुंबई में योगी का रोड-शो, दिग्गजों से मिलेंगे

राजेंद्र कुमार

लखनऊ/मुंबई : उत्तरप्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकोनॉमी बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से तैयार हैं. इसी मिशन के तहत वे बुधवार को अपने दो दिवसीय दौरे के तहत मुंबई पहुंचे.

विदेशी निवेशकों से मिले उत्साहजनक रिस्पांस के बाद अब सीएम योगी और उनके मंत्री 5 जनवरी से देश के 9 बड़े शहरों में रोड-शो कर यूपी की ब्रांडिंग करेंगे. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू रोड-शो की कमान खुद सीएम योगी संभालेंगे और इसकी शुरुआत मुंबई से गुरुवार को होगी, जिसके लिए मुख्यमंत्री अपने अफसरों के साथ बुधवार को ही लखनऊ से रवाना हुए. मुंबई में सीएम योगी रोड-शो के जरिये यूपी के विकास के कई एजेंडे को सेट करने के लिए बड़े औद्योगिक घरानों के मुखियाओं और फिल्म स्टारों से मिलेंगे. मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद 5 जनवरी से देश के 9 बड़े शहरों में रोड-शो की शुरुआत होगी. मुंबई में रोड-शो के दौरान योगी उद्योग जगत के दिग्गजों से मुलाकात करेंगे और फरवरी में लखनऊ में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शिरकत करने के लिए उन्हें आमंत्रित करेंगे. मुंबई के अलावा दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद और हैदराबाद में भी उप्र का इन्वेस्टर्स रोड-शो होगा. घरेलू दौरे के लिए जो टीम गठित की गई है, उसमें स्वतंत्र प्रभार और राज्य मंत्रियों को भी शामिल किया गया है. मुख्यमंत्री योगी विभिन उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मुलाकात भी करेंगे. रोड-शो से पहले उनकी मुलाकात आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, पिरामल इंटरप्राइजेज लि. के चेयरमैन अजय पिरामल, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल, ▸▸ शेष पेज 7 पर...

मुंबई में बुधवार को उत्तर भारतीयों की एक सभा को संबोधित करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ.

राज्यपाल से मिलेंगे योगी

मुख्यमंत्री योगी मुंबई में गुरुवार सुबह से ही उद्योगपतियों और फिल्म स्टार से मुलाकात करना शुरु कर देंगे. अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री अपने दिन की शुरुआत राजभवन में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात के साथ करेंगे. इसके बाद वह होटल ताज में ही विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से भेंट करेंगे. दोपहर को योगी रोड-शो की शुरुआत करेंगे. इस रोड-शो में विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों को उत्तरप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. वहीं शाम को योगी फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता, निर्देशकों और कलाकारों से भेंट करेंगे.

मुख्य बिंदु

अब घरेलू निवेशकों को साधने के लिए निकले यूपी के मुख्यमंत्री

बड़े उद्योगपतियों से वन-टू-वन करेंगे मुलाकात

फिल्म सिटी के प्रमोशन को लेकर भी होगी चर्चा

मुंबई के अलावा दिल्ली बेंगलुरु, चेन्नई कोलकाता, अहमदाबाद और हैदराबाद सहित 9 बड़े शहरों में की जाएगी यूपी की ब्रांडिंग